# दावोस में हुए समझौतों से एफडीआई को बढ़ावा मिलेगा

**करार**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता ।** एआई इंफ्रास्ट्रक्चर हब परियोजना से बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आने की संभावना है। उच्च-कौशल रोजगार भी सृजित होंगे।

इससे हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग, साफ्टवेयर डेवलपमेंट व विशेष कूलिंग टेक्नोलाजी से जुड़ा स्थानीय तकनीकी इकोसिस्टम विकसित होगा। एएम ग्रीन समूह के चेयरमैन अनिल चालमलासेट्टी ने कहा है कि एआई भविष्य की आधारशिला है। जिसके माध्यम से हम विभिन्न उद्योगों के लिए एकीकृत एंड-टू-एंड समाधान उपलब्ध कराएंगे। कंपनी के प्रेसिडेंट महेश कोल्ली ने योगी सरकार के सहयोग को परियोजना की सफलता की अहम कड़ी बताया।

> बायर कंज्यूमर हेल्थ, ग्रीनको, आरईसी लिमिटेड, रिलायसैट व काग्निजेंट के अलावा जुबिलेंट समूह जैसी कंपनियों के साथ रणनीतिक चर्चा की गई है। इससे रोजगार बढ़ेंगे।
>
> **सुरेश खन्ना**, वित्त और संसदीय कार्य मंत्री